


## एक नजर में

### श्रावण में झूला उत्सव का आयोजन



**घट्टिया।** पवित्र श्रावण माह में मंदिरों में पांच दिवसीय झुला उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। चारभुजा नाथ मंदिर पुजारी महेशदास वैष्णव ने बताया कि श्रावण माह में ग्यारस से लेकर पूर्णिमा तक शाम के समय भगवान को डोल में विराजित कर झूला झुलाया जाता है। सामूहिक भजन कीर्तन के आयोजन के साथ आरती कर प्रसाद वितरण होता है।

### माकडोन रूपाखेड़ी रोड की हालत गंभीर



**माकड़ोन।** रूपा खेड़ी में पुलिया के दोनों ओर गड्ढे और जल भराव। यहां पर पहले भी दुर्घटना घट चुकी है। परंतु अभी भी कोई सुध लेने को तैयार नहीं है। ग्रामीण लोगों ने बार-बार जन प्रतिनिधि लोगों को अवगत कराया गया। फिर इसमें सुधार नहीं किया गया।

### उज्जैन जिला बैडमिंटन टीम का हुआ चयन



**उज्जैन।** उज्जैन जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा राजमाता विजयाराजे सिंधिया खेल परिसर नानाखेड़ा स्टेडियम पर उज्जैन टीम का सिलेक्शन ट्रायल आयोजित किया गया। गोपाल बलवानी ने बताया कि टीम में आरव श्रीवास्तव, आदि पटवा, शिवांश पाल, तनिष्क सोलंकी, दिव्यांश व्यास, जूही चौधरी, वनाधि चौधरी का चयन किया गया। यह टीम भोपाल में आयोजित जी एच रायसोनी मेमोरियल 63वी इंटर डिस्ट्रिक्ट और 78वीं एमपी सीनियर स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप में उज्जैन टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। इस अवसर पर उज्जैन जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सदस्य सत्येंद्र राठौर एवं अथर्व भावसार मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष वैभव यादव, उपाध्यक्ष अनुराग ठक्कर एवं सचिव अनुराग शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### विक्रम विश्व विद्यालय परिसर में रौपा एक पेड़ मां के नाम



**उज्जैन।** यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट, विक्रम विश्व विद्यालय उज्जैन की एनसीसी इकाई द्वारा 8 अगस्त को एक पेड़ मां नाम पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में प्रो. अर्पण भारद्वाज कुलगुरु विक्रम विश्वविद्यालय, प्रो. एसके मिश्रा अधिष्ठाता विद्यार्थी कल्याण विभाग, कैप्टन कनिया मेड़ा एनसीसी अधिकारी, सूबेदार दलसिंह सिंह 10 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी उज्जैन व एनसीसी कैडेट्स द्वारा विक्रम विश्विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण किया गया।

### उज्जैन पहुंचने पर किया खिलाड़ियों का अभिनंदन



**उज्जैन।** अहमदाबाद (गुजरात) में हुई सीबीएसई वेस्ट जोन ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में उज्जैन के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 3 से 6 अगस्त तक आयोजित हुई ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सुहाना राठौड़ ने अंडर 17 गर्ल्स 55 किलो में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। आराध्या जैन ने अंडर 14 गर्ल्स 38 किलो में छठा स्थान प्राप्त किया। वहीं श्रेय केलकर अंडर 14 बॉयज 25 किलो में सातवां स्थान प्राप्त किया। तीनों खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन पश्चात उज्जैन पहुंचने पर सभी ने अभिनंदन करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की। ऐसे ही अपना और अपने माता-पिता का नाम रोशन करते रहे।

### बैस बने मप्र प्रेस क्लब उज्जैन के अध्यक्ष



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के सक्रिय और पूर्णकालिक पत्रकारों के सर्वोच्च संगठन मध्य प्रदेश प्रेस क्लब द्वारा उज्जैन संभाग चैप्टर के गठन की घोषणा कर दी गई है। इस क्रम में वरिष्ठ पत्रकार और दैनिक माटी की महिमा के प्रधान संपादक महेंद्र सिंह बैस को उज्जैन संभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नवीन आनंद जोशी ने जारी नियुक्ति पत्र के माध्यम से यह दायित्व महेंद्र सिंह बैस को सौंपा गया। वे शीघ्र ही अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करेंगे और प्रेस क्लब की सक्रिय उपस्थिति उज्जैन संभाग में स्थापित करेंगे।

### 10 अगस्त को होगा सामूहिक ओम नम: शिवाय जाप

**उज्जैन।** श्रावण मास के प्रथम दिन से प्रारंभ हुए ओम नम: शिवाय जाप अनुष्ठान की पूर्णाहुति स्वरूप 10 अगस्त को सामूहिक ओम नम: शिवाय जाप नगर कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही रामचरित्र मानस व्याख्यान प्रतियोगिता के विजेताओं को भी इस अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा। जप समिति संयोजक हरि सिंह यादव ने बताया कि संपूर्ण श्रावण मास में प्रतिदिन शहर के विभिन्न मंदिर, मठ, आश्रम और घरों के साथ ही स्कूलों में बच्चों ने भी ओम नम: शिवाय के जाप किये। वाल्मीकि पीठाधीश्वर बाल योगी उमेशनाथ महाराज के अनुयायियों द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष के शहरों में भी ओम नम: शिवाय के किये। धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं ने भी विभिन्न स्थानों पर ओम नम: शिवाय जाप किये।

# भवन उद्घाटन समारोह के साथ प्रबंधक फादर जार्ज वडेक्कल को दी विदाई




**महिदपुर।** संत जोसफ कान्वेंट स्कूल में उज्जैन धर्मप्रांत के बिशप डॉ. सबास्चियन वडेक्कल के कर कमलो द्वारा विद्यालय के नवनिर्मित भवन जार्ज ब्लाक के प्रथम तल की पूजा अनुष्ठान संपन्न हुआ। बिशप जी ने इस पूजा के द्वारा यहां पढ़ने वाले छात्रों, विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों की प्रगति के लिए परमेश्वर से अनुगृह एवं आशीर्वाद की प्रार्थन की । इस अवसर पर फादर जार्ज ने बिशप स्वामी का धन्यवाद करते हुए इस विद्यालय की प्रगति में बिशप स्वामी के मार्गदर्शन एवं सहायक के लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञपित किया। भवन पूजा में विद्यालय परिवार के साथ छात्र एवं अतिथिगण उपस्थित रहे। इसके पश्चात संस्था प्रबंधक फादर जार्ज वडेक्कल के स्थानांतरण पर संस्था की ओर से एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के क्षेत्रो से पधारे फादरगण एवं गणमान्य नागरिको, मित्रो एवं अभिभावकों की गरिमापूर्ण उपस्तिथि रही। कार्यक्रम का प्रारंभ बिशप ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस अवसर पर संस्था प्राचार्य सोबी थोमस सर ने फादर जार्ज के 8 वर्षो के कार्यकाल में विद्यालय की प्रगति के विषय में बताते हुए फादर जार्ज की कार्यशैली एवं व्यवहार एवं विद्यालय की प्रगति के लिए उनके योगदान को याद किया। उप-प्राचार्य ने फादर जार्ज की प्रेरणा, उनका परिवार भाव, उनकी प्रेरणा छात्रों के लिए उनके प्रेम ओर विद्यालय परिवार के प्रति उनके अपनत्व को अपने शब्दों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, गीत भाषण अदि के द्वारा अपने प्रिय प्रबंधक फादर जार्ज को भावपूर्ण विदाई दी।

> कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन के माध्यम से फादर जार्ज वडेक्कल ने उपस्थित सभी अतिथियों, छात्रों एवं विद्यालय परिवार का धन्यवाद दिया एवं छात्रों को नविन ज्ञान ग्रहण करते रहने व भाईचारे से रहने की प्रेरणा दी। स्वरुचि भोज के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।

इसके पश्चात बेडमिन्टन क्लब महिदपुर की ओर से मुकेश भाटिया, अंकुर भटेवरा एवं उनके साथियों द्वारा फादर का स्वागत किया गया एवं फादर के साथ अपने खेल क्लब के अनुभवों को सुनाया। एचडीएफसी बैंक मनेजर लोकेन्द्र चैहान एवं एस.बी.आई. मेनेजर दिनेश डांगी एवं महिदपुर के गणमान्य नागरिक आकाश मेहता, रितेश भाटिया, सुधीर मूणत, पारस लुनावत, गिरधारीलाल उथरा, कांट्रेक्टर हिमांशु गौरव कुमावत, हितेंद्रसिंह कुशवाह, दीपेन्द्र कुशवाह, सत्यनारायण चैहान, प्रेस की ओर से लोकेन्द्र सूर्यवंशी एवं प्रहलाद डोडिया एवं द्वारकाप्रसाद व्यास ने फादर जार्ज का स्वागत किया। विद्यालय के बस स्टाफ द्वारा भी भावभीनी विदाई दी गई।




## बड़ा गणेश की राखी में दिखेगी बच्चों के मोबाइल चलाने से माता-पिता में बढ़ रही चिंता

**उज्जैन। इंदौर में 13 वर्षीय 7वीं कक्षा के बच्चे ने फ्री फायर गेम में 2800 रूपये हारने के बाद आत्महत्या कर ली।** उज्जैन सहित देशभर में मोबाईल कई बच्चों का भविष्य बर्बाद कर रहा है। माता पिता की अपने बच्चों के प्रति मोबाईल चलाने के कारण बढ़ रही चिंता इस बार भगवान बड़े गणेश की राखी में दिखेगी जिसमें बाल गणेशजी के मोबाईल चलाने से शिव पार्वती भी परेशान नजर आ रहे हैं। मिनी सुखनानी विगत 17 वर्षो से महाकाल मंदिर के समीप स्थित भगवान बड़ा गणेश को राखी बांधती आ रही हैं। इस बार भी आज रक्षाबंधन के पर्व पर बड़े गणेशजी को 5 फीट की राखी बंधेगी ।

## भाजपा नगर मंडल द्वारा 10 से 14 अगस्त, हर घर तिरंगा अभियान

नवभारत न्यूज

**नागदा। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने हेतु भाजपा नगर मंडल द्वारा विशेष योजना बनाई गई है। इसके अंतर्गत सभी शक्ति केंद्रों पर तिरंगा रैली के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।** इसी तारतम में महात्मा गांधी मार्ग स्थित भाजपा कार्यालय पर नगर मंडल की बैठक आहूत की गई, जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़, मंडल अध्यक्ष विजय पटेल द्वारा महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उपस्थित मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता महिला मंडल को प्रदेश के अभियान से संबंधित जानकारी दी गई। 15 अगस्त को उत्साह एवं हर्ष के साथ मनाते हुए प्रत्येक घर पर तिरंगा लगाने का अनुरोध किया गया। मंडल स्तर पर 10 से 14 अगस्त, हर घर तिरंगा अभियान के साथ शक्ति केंद्र पर तिरंगा रैली का आयोजन को अनिवार्य रूप से क्रियान्वित किया जाना है। यह निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने वार्ड, कॉलोनियों और मोहल्लों में घर-घर संपर्क कर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित करें। साथ ही 15 अगस्त की सुबह राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत दीनदयाल चौक पर प्रात 10 बजे ध्वजारोहण का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।



ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजेश धाकड़ एवं नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल ने बताया प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रत्येक मंडल में निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर कार्य किए जा रहे हैं, उन्होंने बताया कि अभियान के तहत घर-घर तिरंगा फहराने की अपील, झंडावंदन कार्यक्रम का आयोजन, बाइक रैली अथवा पदयात्रा के रूप में तिरंगा यात्रा, युवाओं और बच्चों की सहभागिता को बढ़ावा, सोशल मीडिया पर, हर घर अभियान को ट्रेंड कराना। भाजपा पदाधिकारियों ने बताया कि यह अभियान मात्र एक राजनीतिक गतिविधि न होकर राष्ट्रप्रेम की अभिव्यक्ति है। इसमें समाज के हर वर्ग की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। मंडल अध्यक्षों द्वारा कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया गया है कि वे अपने परिवार, पड़ोसियों और समुदाय के लोगों को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करें।

तिरंगा हमारी शान है, इसका सम्मान करना हर भारतवासी का कर्त्तव्य है-इस भाव के साथ भारतीय जनता पार्टी आजादी के अमृत महोत्सव की भावना को जन-जन तक पहुंचाने हेतु संकल्पबद्ध है। इस अवसर पर विधानसभा के नवनियुक्त प्रतिनिधि बनने पर हिम्मत सिंह राठौड़ का स्वागत किया गया। सभा का संचालन महामंत्री दौलत राम प्रजापत ने किया ।




## नि :शुल्क राजपूत छात्रावास का हुआ लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना म.प्र. द्वारा तृतीय चिंतन शिविर एवं राजपूत समागम का 7, 8 अगस्त को श्री राजाराम होटल एण्ड रिसोर्ट, चिंतामण बायपास रोड, उज्जैन में आयोजन हुआ। प्रदेश अध्यक्ष ठा. शिवप्रताप सिंह चौहान के द्वारा समाज के आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं के लिये नई पहल की शुरुआत में नि:शुल्क राजपूत छात्रावास का उज्जैन में शुभारंभ किया गया।**

> समाज के दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए चिंतन। समाज की आर्थिक रूप से कमजोर बहनों के विवाह में आर्थिक मदद करने के लिए चिंतन। इतिहास परम्परा और सांस्कृतिक धरोहरों की पुर्नस्थापना पर चिंतन। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा देने वाले वरिष्ठों के सम्मान पर चिंतन। किसान भाइयों के अत्याधुनिक कृषि पद्धति एवं पशुपालन के प्रति जागरुक करने के लिए चिंतन। एक हजार महापुरूषों की प्रतिमा स्थापना करने हेतु चिंतन।

चिंतन शिविर में मुख्य अतिथि बृजभूषण शरण सिंह भारतीय कुश्ती संघ पूर्व अध्यक्ष, सुशील कुमार सिंह सांसद औरंगाबाद, योगेंद्र सिंह कटार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष करणी सेना, राजवर्धन सिंह दत्तीगाव पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश, कलावती यादव निगम अध्यक्ष उज्जैन उपस्थित रहे। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला शेखावत आशीर्वाद के रूप में उपस्थित रहे। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने जो कहा वह किया। प्रदेश अध्यक्ष उसने जो संकल्प लिया उसे पूरा करने के लिए अग्रसर पिछले वर्ष जो हमने कहा था चिंतन शिविर में आपको ज्ञात होगा कि पिछले बार 7 और 8 अगस्त को चिंतन शिविर में हमने रोजगार का मुद्दा आया था। उक्त जानकारी धर्मेंद्र सिंह चौहान ने दी।

जिसमें 2000 से अधिक बेरोजगार युवाओं को अलग-अलग कंपनियों में रोजगार दिलाने का कार्य किया। 100 छात्रों के लिए निशुल्क राजपूत वोटिंग में शुभारंभ किया गया। 1000 महाराणा प्रताप की मूर्ति का जो संकल्प लेकर कार्य कर रहे थे उसमें से 135 का हम

## राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर उज्जैन में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ



**उज्जैन। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय हथकरघा प्रदर्शनी का शुभारंभ उज्जैन में किया गया।**

शुभारंभ समारोह की अध्यक्षता कलावती यादव अध्यक्ष नगर पालिका निगम ने की। इस अवसर पर सी. सरस्वती मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड मप्र क्षेत्रीय कार्यालय, एससी साहू महाप्रबंधक तथा सलिल जोकरकर उपमहाप्रबंधक नाबार्ड भी उपस्थित रहे। एलडीएम बलराम बैरागी, कविता चौहान, क्षेत्रीय प्रबंधक, मप्र ग्रामीण बैंक, अमित मालवीय निदेशक आरसेटी सहित कई विभागीय अधिकारी, स्वयं सहायता समूहों के सदस्य, कारीगर और हितधारक शामिल हुए। हथकरघा, महिलाओं का सशक्तिकरण, राष्ट्र का सशक्तिकरण थीम पर आधारित प्रदर्शनी में चंदेरी और माहेश्वरी साड़ियां, विदिशा की कालीन व गलीचे, भैरवगढ़ की बाटिक, टाई एंड डाई उत्पाद, बैडशीट्स, बाघ प्रिंट, जूट बैग्स और हस्तनिर्मित राखियां सहित 13 स्टॉल लगाए गए हैं। कॉसमॉस मॉल में यह आयोजन 9 अगस्त तक चलेगा। इस अवसर पर मुख्य महा प्रबंधक नाबार्ड सरस्वती ने कहा कि हथकरघा केवल वस्त्र नहीं, हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। इस क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय है, जो न केवल परिवार की आजीविका बल्कि परंपराओं के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि नाबार्ड हथकरघा उत्पादों को बाजार से जोड़ने, डिज़ाइन विकास, प्रशिक्षण और उत्पादक समूहों के गठन में निरंतर सहयोग कर रहा है।

> नाबार्ड की प्रमुख पहल में माहेश्वरी साड़ी, बाघ प्रिंट, सिरोंज कालीन और बाटिक प्रिंट जैसी पारंपरिक शिल्प कलाओं का पुनर्जीवन, महिला कारीगरों को प्रशिक्षण और डिजिटल एवं भौतिक बाजार से जोड़ना, एफपीओ व स्वयं सहायता समूहों का गठन और प्रोत्साहन, हथकरघा स्टार्टअप्स और संवर्धन केंद्रों की स्थापना शामिल है। यह पहल स्थानीय रोजगार, ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण, तथा सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**सम्मान** — मध्यप्रदेश युवा शिवसेना गोरक्षा न्यास द्वारा कावड़ यात्रियों को लगातार पांच वर्ष से निशुल्क भोजन का आयोजन किया जा रहा है

# नि :शुल्क भोजन प्रसादी वितरण कार्यक्रम के समापन पर सेवा देने वालों का किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। मप्र युवा शिवसेना गोरक्षा न्यास द्वारा श्रावण मास में कावड़ यात्रियों, श्रद्धालुओं के लिए चलाये गये नि:शुल्क भोजन प्रसादी वितरण कार्यक्रम का समापन हुआ।**

मप्र युवा शिवसेना गोरक्षा न्यास द्वारा सावन के पावन महीने में कावड़ यात्रियों श्रद्धालुओं को नि:शुल्क भोजन प्रसादी वितरण का यह लगातार पांचवा वर्ष रहा। इस वर्ष दो हिंदूवादी संगठन हिंदू टाइगर फोर्स, राष्ट्रीय हिंदू परिषद भारत के पदाधिकारियों द्वारा भी पूरा सहयोग दिया गया। मप्र युवा शिवसेना गौरक्षा न्यास के संस्थापक व अध्यक्ष हिंदू टाइगर फोर्स के राष्ट्रीय महासचिव मनीष सिंह चौहान, नि:शुल्क भोजन समिति के अध्यक्ष राजकुमार झांझोट ने बताया कि हमारे द्वारा संकल्प लिया गया था कि




महाकाल मंदिर पधारने वाले कावड़ यात्री श्रद्धालुओं को पूरे सावन महीने निरंतर नि:शुल्क भोजन प्रसादी वितरित की जाएगी। महाकाल के भक्तों के लिए मस्त बालवीर हनुमान मंदिर हरसिद्धि की पाल पर मंदिर के मुख्य पुजारी हरि दुबे व संजय उपाध्याय की मौजूदगी प्रतिदिन सुबह 11 बजे से नि:शुल्क भोजन प्रसादी वितरित कार्यक्रम जारी रहा। रोजाना श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग भोजन की व्यवस्था की गई। रोज सुबह श्रद्धालुओं के लिए विशेष चाय, पोहा परोसा गया और दोपहर में भोजन प्रसादी वितरित की गई। भोजन वितरण समापन अवसर पर मुख्य रूप से मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल व मप्र कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष शाहनवाज उदित शेख, छन्नू भैया रावले ठाकुर झिरनिया, मंगलनाथ मंदिर के महाप्रबंधक गुरुजी पाठकजी, दिल्लु पहलवान, क्षत्रिय महासभा की महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष व मप्र युवा शिवसेना गोरक्षा न्यास की महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हेमलता तोमर, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह परिहार व क्षत्रिय महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बलवीर सिंह पवार, भाजपा नगर उपाध्यक्ष आनंद खिच्ची, कमलेश बैरवा, पूर्व महाराजवाड़ा मंडल अध्यक्ष पंकज मिश्रा, महाराज वाड़ा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंदल भाजपा, समाजसेवी प्रेम सिंदल, सोनू बिजोरिया, कमल राठौर मौजूद रहे।

### सेवा देने वालों का हुआ सम्मान

जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण सिंह भदोरिया व प्रदेश अध्यक्ष हेमलता तोमर द्वारा सेवा देने वाले कार्यकर्ताओं में नि:शुल्क भोजन समिति के अध्यक्ष राजकुमार झांझोट, गौ रक्षा न्यास के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हरि माली, प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश कुमावत, राष्ट्रीय हिंदू परिषद भारत के प्रदेश अध्यक्ष मुरली निगम, भरत बड़वाया, पप्पू नाथ मकवाना, गोकुल सिंह दरबार, पप्पू भैया, कमल राठौर, दीपशिखा राजपूत, विश्वास सिंह चौहान, शरद सिंह चौहान, रणवीर सिंह चौहान, डिंपल राजपूत का सम्मान स्मृति चिन्ह देकर किया।